# चाह की राह में सभी जीव अंदर से दुखी

## मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में मोक्ष कल्याणक पर गजरथ फेरी के साथ पंचकल्याणक महोत्सव संपन्न



**नवभारत न्यूज**

**राहतगढ़ 2 दिसंबर. मोक्ष की उपलब्धि चाहने से नहीं उस चाह को मिटाने से मिलती है. उपरोक्त उद्‌गार मुनिश्री प्रमाणसागर महाराज ने पंचकल्याणक महामहोत्सव के अंतिम दिवस भगवान के मोक्ष कल्याणक दिवस पर कहीं.**

उन्होंने कहा कि भगवान को तो मोक्ष मिल गया लेकिन उससे आपने क्या उपलब्धि पाई, इसे आत्मसात करना है. उन्होंने जीवन की राह में चार बातें चाह, आह, दाह, राह की करते हुये कहा कि मनुष्य के मन में निरंतर चाह उत्पन्न होती रहती है, विडंबना यह है कि जो चीज हमारे पास है उसकी चाह नहीं और जो हमारे पास नहीं है या हमारे पास से निकल जाती है उसकी चाह मन को सताती है, जहा एक चाह की पूर्ति होती है, तुरंत उसका स्थान दूसरी चाह ले लेती है दूसरी से तीसरी तीसरी से चौथी जैसे सागर में एक लहर उत्पन्न होती है उसके नष्ट होने के पहले ही दूसरी उभरने लगती है उसी प्रकार हमारे मन में इच्छाओं का यह सागर लहराता रहता है. उन्होंने कहा कि जब तक हमारे मन में यह चाह बनी रहेगी तब तक हमें राह नहीं मिल सकती चाह से ही दाह निकलती है और दाह से आह निकल जाती है.

मुनिश्री ने कहा कि चाह की राह में आजकल सभी जीव अंदर से दुखी है भले ही आपसे कोई पूछे कि कैसे हो, तो कह देते हो कि एक दम मस्त. लेकिन जैसे ही वह थोड़ा नजदीक आता है तो अंदर की परतें खुलने लगती है और भीतर का दर्द बाहर निकल पड़ता है, भगवान ने कहा कि यदि सही राह पकड़ना है तो चाह की दाह को छोड़ो, भले ही आज पंचमकाल में मोक्ष नहीं है, लेकिन मोक्ष की राह तो है, हम भी उसी राह पर ही चल रहे है क्यों कि हमें विश्वास है कि जब भी मुक्ति मिलेगी तो इसी राह से मिलेगी और इसलिए आप सभी को भी में उसी राह पर चलने के लिये प्रेरित कर रहा हूँ. उन्होंने चार लाईन आज के इस वातावरण में कह, यूं ही आता रहा, यूं ही जाता रहा, लाख चक्कर चौरासी के में खाता रहा, आवागमन के इस उलटफेर में व्यर्थ हीरा जन्म तू गंवाता रहा. मुनिश्री ने कहा कितने भव बीत गये इन संकल्पों और विकल्पों में, जिसका न तो कोई लेखा जोखा है और न ही कोई हिसाब किताब. उन्होंने जैनियों के कुलाचार पर बात करते हुये कहा कि एक जमाना था कि सूर्यास्त के पश्चात घर की रसोई बंद हो जाया करती थी लेकिन आजकल तो सब चलता है कहकर अपने कुलाचार को ही चलता कर दिया. उन्होंने कुलाचार का दृणता पूर्वक पालन करने की सलाह देते हुये कहा कि मनुष्य के आचरण से उसके कुल का पता लगता है. लेकिन जैनी अपनी पहचान को खोने लगे है उन्होंने अपना उदाहरण देते हुये कहा कि जब मैं 16-17 वर्ष का था पहली बार गुरुदेव को देखा उनकी अंजुली में आहार रखा तो मुझे ढंग से शुद्धी बोलना भी नहीं आता था. लोगों ने कहा शुद्धी बोलो तो मेने कह दिया शुद्धी तब पहली बार मन शुद्धी, वचन शुद्धी, काय शुद्धी, आहार जल शुद्ध है, बोला था और जब हमसे कहा गया कि कुछ दिनों के लिये रात्री भोजन का त्याग कर दो.

# कुपोषित व अकुपोषित बच्चों को चिन्हित कर पोषण पुनर्वास केंद्र में उपचार कराएं

**नवभारत न्यूज**

**सागर 2 दिसंबर. राशन दुकानों पर राशन का वितरण पूरी पारदर्शिता के साथ हो, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में गुणवत्ता एवं पोषण युक्त भोजन वितरित हो एवं कुपोषित, अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर पोषण पुनर्वास केंद्र में उपचार कराए. उक्त निर्देश राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मल्होत्रा ने समीक्षा बैठक में दिए.**

**राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने ली समीक्षा बैठक**



राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री मल्होत्रा ने निर्देश दिए कि जिले की सभी 1033 राशन दुकानों पर पूरी पारदर्शिता के साथ समय सीमा में राशन का वितरण हो और इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जावे और शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल राशन दुकान का लाइसेंस निरस्त करें. उन्होंने निर्देश दिए की जिले में 97 दुकान भी एक-एक व्यक्ति को आवंटित की जाए जिससे कि सभी 1033 दुकानों पर राशन वितरण आराम से हो सके. यदि फिंगरप्रिंट नहीं आते हैं तो उनके लिए भी विशेष व्यवस्था की जावे और कोई भी बुजुर्ग हितग्राही राशन दुकान से बगैर राशन लिए वापस न जाए. इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, सांसद प्रतिनिधि हरिराम सिंह, नीरज सिंह, संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा, खाद आपूर्ति अधिकारी ज्योति बघेल, मेघा सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी प्रतिनिधि मौजूद थे.

## एक नजर में



### लेबर बार एसोसिएशन ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**सागर.** लेबर बार एसोसिएशन द्वारा सांसद डॉ. लता वानखेडे को ज्ञापन सौंप कर मांग की गई कि केंद्र सरकार के द्वारा जो नई चार श्रम संहिता लागू की गई है उसके तहत जो ट्रिब्यूनल गठित किया जाना प्रस्तावित है उसमें ट्रिब्यूनल स्थापित किया जाए तथा श्रम न्यायालय में जो कार्यवाही लंबित है. जब तक ट्रिब्यूनल का गठन नहीं हो जाता तब तक न्यायालय की कार्रवाई जारी रखी जावे. ज्ञापन देने वालों में व्हीएन सरवटे, पैट्रिस फुसकेले, विनीत ताम्रकार, राजू प्रजापति, राजेंद्र पाठक, सहसचिव धीरज ताम्रकार, अरविंद सिंह राजपूत, चंदन पटेल, देवेंद्र सिंघई, अधिवक्ता रोशन कुर्मी शामिल रहे.



### दिव्य योग संस्थान की साइकिल यात्रा

**सागर.** विचार समिति मोहल्ला परिवारों ने दिव्य योग संस्थान के यात्री आशीष शुक्ला, नरसिंह दास, अभिषेक जैन और मोहित बैरागी द्वारा देवास से अयोध्या धाम तक जा रही साइकिल यात्रा का स्वागत किया. आर्ट ऑफ लिविंग शिक्षक प्रवीण धुरिया ने मोहल्ला विकास योजना के जुड़े परिवारों को ध्यान के महत्तव से अवगत कराया. समिति अध्यक्ष कपिल मलैया ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक हर व्यक्ति के लिए ध्यान आवश्यक है. इस अवसर पर दिव्य योग टीम ने भगवत गीता की प्रतियाँ भेंट की.




### एनसीसी कैडेट्स ने मनाया प्रदूषण नियंत्रण दिवस

**रहली.** सांदीपनि विद्यालय में संचालित एनसीसी जूनियर डिवीजन द्वारा प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया गया जिसमें एनसीसी केडेट्स द्वारा कविता लेखन एवं वाचन, पोस्टर निर्माण किया गया. अतिथियों द्वारा प्रदूषण दिवस पर व्याख्यान दिया गया जिसमें प्रदूषण नियंत्रण को समझाया. एनसीसी अधिकारी मुकेश पचौरी ने आभार माना. कार्यक्रम में प्राचार्य दिलीप चौबे, हिमांशु राजपूत, ज्योति राजावत, साक्षी तिवारी ने व्याख्यान दिया.




### कर्मचारियों ने एफआईआर की प्रतियां जलाईं

**सागर.** मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा कार्यालय हनुमान मंदिर के सामने, पुरानी कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारी कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से एफआईआर की प्रतियां जलाकर प्रदर्शन किया गया. एनएमओपीएस के जिला अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने बताया कि संवैधानिक महारैली नई दिल्ली के जंतर-मंतर में पुरानी पेंशन बहाली, टेट की अनिवार्यता समाप्त एवं निजीकरण, निगमीकरण की समाप्ति को लेकर प्रदर्शन किया.

### अग्रणी महाविद्यालय में प्रतियोगिता कल से

**सागर.** दीनदयाल उपाध्याय, शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय में सिखों के नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रबोधन कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध, भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है. कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं की श्रृंखला आयोजित की गई है, जो 4 दिसंबर से कला भवन कक्ष क्र. 18 में शुरू होगी. इस दिन दोपहर 12 बजे निबंध प्रतियोगिता होगी, जिसका विषय धर्मनिरपेक्ष भारत के निर्माण में गुरु तेग बहादुर का योगदान रखा गया है.

# प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली पर चर्चा

**नवभारत न्यूज**

**सागर 2 दिसंबर. मध्य प्रदेश विधानसभा में मध्यप्रदेश नगर पालिका संशोधन विधेयक 2025 पर चर्चा के दौरान विधायक शैलेंद्र जैन ने सत्ता पक्ष की ओर से चर्चा की शुरुआत करते हुए विधेयक का समर्थन किया.**

उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि यह संशोधन आज की सुचिता एवं स्वच्छ राजनीति के लिए अत्यंत आवश्यक है. विधायक श्री जैन ने कहा कि अप्रत्यक्ष चुनावी प्रक्रिया में धनबल और बाहुबल का अप्रत्यक्ष प्रभाव कई बार देखने को मिलता है, इसलिए चुनाव प्रणाली में सुधार समय की मांग है. उन्होंने बताया कि वर्ष 1999 से 2015 तक प्रत्यक्ष रूप से चुनाव होते थे, लेकिन वर्ष 2022 में आंशिक संशोधन किया गया, जिसके तहत मेयर का चुनाव तो प्रत्यक्ष प्रणाली से हुआ, जबकि नगर पालिका अध्यक्षों का चुनाव अप्रत्यक्ष रूप से कराए गए, इस व्यवस्था में कई विसंगतियां सामने आई. अप्रत्यक्ष प्रणाली में अध्यक्ष निरंतर दबाव में रहते हैं, पार्षदों का अनावश्यक प्रभाव पड़ता है.

# बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**सागर 2 दिसंबर. शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में कांग्रेस ने जुआ-सट्टा, अवैध शराब एवं बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में आईजी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा.**

ज्ञापन में कहा कि आईजी जिले की सीमाओं के अंतर्गत थाना प्रभारी के कार्यो की समीक्षा करें जनता का पुलिस पर से विश्वास उठ रहा है. श्री जाटव ने कहा कि जहां हत्याओं का ग्राफ बढ़ रहा है वही लूट चोरी की घटनाएं एवं महिला के उत्पीड़न के मामले भी बढ़ते जा रहे हैं.



इस दौरान आईजी हिमानी खन्ना ने ज्ञापन पर उपयुक्त कार्यवाही करने का आश्वासन दिया. इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील जैन, मुकुल पुरोहित, सुरेंद्र सुहाने, मुन्ना चौबे, जगदीश यादव, अंकलेश्वर दुबे, चक्रेश सिंघई, बब्बू यादव, रामकुमार पचौरी, प्रदीप गुप्ता, प्रमिला राजपूत, किरणलता सोनी, एड. रजनी ठाकुर, सुरेंद्र चौबे, संदीप सबलोक, सिंटू कटारे, राहुल चौबे, समीर खान, सागर साहू, चेतन कृष्ण पांडे, पार्षद शिवशंकर यादव, रिचा सिंह, रोशनी खान, नीलोफर अंसारी, ताहिर खान, रमाकांत यादव, पंकज सिंघई, कमलेश तिवारी, विजय साहू, राहुल चौबे, चक्रेश रोहित, शैलेंद्र तोमर, प्रशांत समैया, अवधेश तोमर मौजूद रहे.

### आपकी महापौर आपके द्वार जनचौपाल आज

**सागर.** महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी द्वारा नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु 3 दिसंबर बुधवार को प्रात: 11 बजे से आपकी महापौर आपके द्वार अंतर्गत जनचौपाल एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण का शिविर शिवाजी नगर वार्ड, वन विभाग के बाजू में दुर्गा मंदिर परिसर पोद्दार कॉलोनी में अयोजित किया है.

**सागर मौसम**

अधिकतम 27.0 (-1)
न्यूनतम 13.8 (सा.)
आर्द्रता : सुबह/शाम : 77/51

# राहत राशि वितरण में अनियमितता पर नोटिस

**नवभारत न्यूज**

**सागर 2 दिसंबर. कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अत्याचार पीड़ितों को राहत राशि का वितरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों को दिए हैं.**

कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के अत्याचार पीड़ितों को राहत राशि के वितरण में किसी प्रकार का गतिरोध उत्पन्न नहीं हो. अत्याचार पीड़ितों को सहजता से राहत राशि उपलब्ध हो यह सभी अधिकारी सुनिश्चित करें. कमिश्नर ने सागर जिले में अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के अत्याचार पीड़ितों के राहत राशि वितरण में अनियमितता पाए जाने पर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सागर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं. कमिश्नर ने प्रभारी उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग सागर संभाग को निर्देश दिए हैं कि वह जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं की सतत समीक्षा करें तथा योजनाओं का प्रभावी और परिणाम मूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं. कमिश्नर ने उक्त निर्देश आज अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में दिए. वित्तीय वर्ष 2024-25 के 31 प्रकरणों में राहत राशि का वितरण किन कराणों से नहीं हुआ इस संबंध में वस्तुस्थिति की जानकारी से अवगत कराएं, आगामी 3 दिवसों में अत्याचार पीड़ितों को राहत राशि का वितरण कराएं अन्यथा जवाबदेह अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी. बैठक में धरती आबा और आदि कर्मयोगी योजनाओं की प्रगति की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने दिशा-निर्देश दिए.

### प्रधान के पुत्र को बी.फार्मा में गोल्ड मेडल

**ललितपुर.** ग्राम पंचायत मादौन के प्रधान सुदामा मिश्रा के सुपुत्र हर्ष मिश्रा को डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के कुलपति द्वारा गोल्ड मेडल प्रदान किया गया. गौर समाधि प्रांगण के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में गौर गौरव - डीओपीएस 94 स्वर्ण पदक हर्ष मिश्रा को प्रदान किया गया. गौरतलब है कि हर्ष को यह गोल्ड मेडल बी.फार्मा वर्ष 2025 की परीक्षा में प्रावीण्य सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर बतौर सम्मान के प्रदान किया गया है. हर्ष मिश्रा जिले में बेहतर कार्य करने की दृढ़ इच्छा शक्ति रखते हैं.

# विज्ञान क्विज का आयोजन



**नवभारत न्यूज**

**सागर 2 दिसंबर. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोतर उत्कृष्टता महाविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभाग में विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ.**

इसमें छात्राओं ने भाग लिया है जिसमे छात्राऐं विजेता रही. क्लास सेमिनार का आयोजन हुआ. छात्राओ नेपावर प्वॉइट प्रेजेंटेशन दिया. छात्राओं के सवालों के उत्तर भी दिये. इसमें छात्राओं के बीच घरेलू जीवन में भौतिकी विषय का उपयोग विषय को लेकर ग्रुप चर्चा, एल्युमनी मीट, पेरेंट्स टीचर मीटिंग विषय विशेषज्ञ व्याख्यान, गतिविधियां संपन्न हुई. डॉ. नीलेश राय भी उपस्थित हुए इन्होने व्याख्यान प्रस्तुत किया. कार्यक्रम में डॉ. दीपा खटीक, डॉ. आरके नगार्च, डॉ. संतोष प्रभाकर, शुभांजलि रैकवार, परमेश्वर दयाल लोधी, साक्षी पांडे मौजूद थे.



# मतदाता सूची का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण हुआ

**नवभारत न्यूज**

**बीना 2 दिसंबर. बीना विस में मतदाता सूची का शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण हो चुका है.**

एसडीएम विजय डेहरिया ने बताया कि मजबूत लोकतंत्र सटीक मतदाता सूची से ही संभव है. एसआईआर प्रक्रिया निर्वाचन कार्यों में तकनीकी सुधार, सुगमता तथा जनविश्वास को और अधिक मजबूत करेगी. बीना विधानसभा के 192476 मतदाताओं के 232 मतदान केंद्रों के बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन के बाद प्रविष्टियों का अभिलेखीकरण पूर्ण किया गया. इससे नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, नाम संशोधन, पता परिवर्तन या नाम हटाने हेतु ऑनलाइन सुविधा अब और अधिक आसान तथा तेज गति से उपलब्ध होगी.

### जेवरात व नकदी लेकर भागी महिला, रिपोर्ट दर्ज

**ललितपुर.** न्यायालय के आदेश पर एक मामला महरौनी कोतवाली में दर्ज हुआ है. इस मामले में करीब दस माह पहले हुयी शादी की एक ऐसी कहानी दर्ज करायी गयी है, जिसमें नई नवेली दुल्हन ने अपने मायके पक्ष से मिलकर ससुरालियों पर मुकद्दमा दर्ज कराने की धमकी देते हुये कोरे कागजों पर हस्ताक्षर करने की शर्त रखी, करीब चार माह बाद महिला अपने मायके आ गयी. ससुरालियों ने जेवरात और नकदी लेकर गयी बहू के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करानी चाही तो पुलिस ने एक ना सुनी. मजबूरन पीड़ित पक्ष को न्यायालय की शरण लेनी पड़ी. मामला है महरौनी के ग्राम कुआघोषी का यहां रहने वाले रामस्वरूप कौशिक ने एसीजेएम न्यायालय के समक्ष अपने अधिवक्ता के जरिए एक वाद दायर किया है.

# कार्रवाई को लेकर समाज ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**रहली 2 दिसंबर. कुर्मी क्षत्रिय समाज इकाई को मुरारी पांडे नामक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया पर वीडियो डालकर सार्वजनिक रुप से गाली-गलौच किये जाने एवं जातिगत अपमानित करने का वीडियो देख सुनकर भड़के लोगों ने प्रदर्शन किया.**

जानकारी के अनुसार गांधी मूर्ति चौराहे पर क्षत्रीय कुर्मी समाज का एकत्रीकरण प्रारंभ हुआ. जिसमें सर्व समाज ने समर्थन दिया और प्रदर्शन में शामिल रहे. इस दौरान पहले थाना में फिर एसडीओ दफ्तर में और बाद में तहसील कार्यालय जाकर एसडीएम कुलदीप पाराशर को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की. सभी समाज के लोगों ने त्वरत कार्यवाही की मांग की है.



ज्ञापन में लिखा गया कि गढ़ाकोटा एवं रहली में कुर्मी क्षत्रिय समाज बहुतायत निवासरत है जिसे निशाना बनाकर मुरारी पांडे पिता भगवत शरण उर्फ झुन्नी पांडे निवासी ग्राम मड़िया (संदई) तहसील व थाना रहली के द्वारा सोशल मीडिया पर 6-7 मिनिट का एक वीडियो वायरल किया गया है जिसमें समस्त कुर्मी क्षत्रिय समाज के लोगों को कई बार गाली-गलौच एवं जातिगत रुप से अपमानित किया गया है. समाज के सभी ने मुरारी पाण्डे के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु सभी लोगों द्वारा सामूहिक रुप से लिखित सूचना दी गयी है. ज्ञापन में साफ कहा गया कि आरोपी पर कार्यवाही न होने की दशा में सामाजिक संतुलन बिगड़ सकता है इस कारण आरोपी पर कार्यवाही किया जाना न्यायहित में आवश्यक है. आरोपी द्वारा अपने वक्तव्य का वीडियो जारी करते हुए कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधानसभा चुनाव प्रत्याशी जीवन पटेल को टारगेट बनाते हुए अनेकों बार गाली गलौज की गई. रहली में प्रदर्शन और ज्ञापन देने के बाद प्रदर्शनकारी कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन देने के लिए सागर रवाना हुए थे.

**जन्मकल्याणक** | **मंगलगिरी पंचकल्याणक में पांडुकशिला पर हुआ अभिषेक**

# बुंदेलखंड की धरती ने पहले विद्वानों को जन्म दिया अब मुनियों को जन्म दे रही

**नवभारत न्यूज**

**सागर 2 दिसंबर. पट्टाचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज ने कहा कि मंगलगिरी महातीर्थ बन गया है और मंगलगिरी भगवान बनाने की भूमि है. बुंदेलखंड की धरती ने पहले विद्वानों को जन्म दिया था अब मुनियों को जन्म दे रही है.**

मंगलगिरी में आयोजित पंचकल्याणक महोत्व के तहत जन्मकल्याणक पर प्रात:कालीन धर्मसभा में आचार्य श्री ने कहा कि 1990 में आचार्य विद्यासागर जी महाराज और आचार्य विराग सागर जी महाराज तीन-तीन पिच्छी के साथ बुंदेलखंड आए थे. जिनकी संख्या 500 तक पहुंच गई है. वंश बढ़ाने के लिए संतान तो संस्कार संस्कारी शिक्षा बढ़ाने के लिए आवश्यक हैं. आचार्य श्री ने आज की ही चिड़िया और तितली की घटना की चर्चा करते हुए कहा. उन्होने कहा कि यमराज की चिड़िया कब निगल जाए इसके पहले अपने पंखों से भेद विज्ञान का पराग चख लेना.

उन्होने कहा कि सुविधाएं धर्म से दूर नहीं रखती हैं. राग धर्म से दूर करता है. वैराग्य होता है तो धन की कीमत नहीं होती है, राग होता है तो धूल की कीमत भी होती है. आचार्य श्री ने कहा कि सुविधाएं नहीं रोकती हैं मोह रोकता है, सुविधाएं तो परीक्षा के लिए हैं.

अतिशय क्षेत्र मंगलगिरी में आचार्य विशुद्ध सागर महाराज ससंघ की उपस्थिति में जन्मकल्याणक महोत्सव के तहत कई कार्यक्रम हुए.

जन्मकल्याणक की शुरुवात बालक आदिकुमार के जन्म एवं पूजन अभिषेक का कार्यक्रम भक्ति भाव से किया गया. दोपहर में जुलूस बालक आदि कुमार को ऐरावत हाथी पर बैठाकर गाजे-बाजों के साथ सैकड़ों इंद्र-इंद्राणियों एवं काफी संख्या में धर्मालंवियों ने पांडुकशिला पहुंचकर अभिषेक में हिस्सा लिया. पांडुकशिला पर सबसे पहले सौधर्म इंद्र एवं सचि इंद्राणी द्वारा अभिषेक किया गया. उसके बाद 1008 कलशों से अभिषेक किया गया. अभिषेक उपरांत भव्य जुलूस वापिस मंगलगिरी पहुंचा जहां सैकड़ों महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा 1300 से अधिक प्रतिमाओं पर पोशाक पहनाई गई. उसके बाद आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज द्वारा प्रवचन दिए गए. शाम को आरती कार्यक्रम उपरांत बाल क्रीड़ा एवं झूला झुलाने का कार्यक्रम किया गया. कल बुधवार 3 दिसंबर को तप कल्याणक होगा. जिसमें राजकुमार का राज्याभिषेक एवं अन्य क्रियाएं की जायेंगी. इस अवसर पर प्रतिष्ठाचार्य जयकुमार निशांत, सह प्रतिष्ठाचार्य विनोद कुमार, सनंत कुमार रजवांस एवं अन्य विद्वानों ने सभी धार्मिक क्रियाएं संपन्न कराईं. इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष जयकुमार जैन, महामंत्री हर्ष सराफ, नरेंद्र सूद, एड.अशोक जैन, डॉ संजीव सराफ, प्रमोद वारदाना, मनोज बंगेला उपस्थित रहे.

### युकां का प्रदर्शन कल

**सागर.** जिला युवा कांग्रेस द्वारा 4 दिसंबर गुरुवार को समय दोपहर 1 बजे से सिविल लाइन शहीद कालीचरण चौराहा पर धरना प्रदर्शन के साथ होंगी. युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी ने कहा कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में लगातार घटित हो रही हत्या लूट चोरी नकबजानी आदि की घटनाओं तथा अवैध शराब, जुआ, सट्टा के चल रहें कारोबार को रोकने के बजाय जिले के पुलिस थानों में पुलिस की अनैतिक, असंवैधानिक गतिविधियां चल रही है. उन्होने पुलिस थानों में शराब बेचने और अनैतिक गतिविधियां संचालित करने के दोषी संबंधित थानों के थाना प्रभारियों को निलंबित करने की मांग की है.